साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फ़ैक्स : +91-11-23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi–110001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax: +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in

एसए.37/प्रशासन/बीएमआरसीएल/ 5239

01 जुलाई 2022

## ई–निविदा सूचना

साहित्य अकादेमी संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है, साहित्य अकादेमी मैजेस्टिक मेट्रो स्टेशन, बेंगलूरु में साहित्य अकादेमी किताब घर के लिए 144 वर्ग फुट के खुले स्थान (12'×12') की परिकल्पना/डिज़ाइनिंग/संरचना/निर्माण/आंतरिक/बाहरी सज्जा हेतु प्रतिष्ठित अनुभवी फ़र्मों/एजेंसियों से दो बोली प्रणाली पर ई–निविदाएँ आमंत्रित करती है। साहित्य अकादेमी की वेबसाइट http://sahitya-akademi.gov.in पर दिए गए निविदा दस्तावेज़ को पूरी तरह से भरकर विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर https://eprocure.gov.in पर अपलोड किए जा सकता है इसके साथ ही निविदा सीलबंद लिफ़ाफ़े में सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली को संबोधित होनी चाहिए, जिसके ऊपर "मैजेस्टिक मेट्रो स्टेशन, बेंगलूरु में साहित्य अकादेमी किताब घर की परिकल्पना/डिजाइनिंग/संरचना/निर्माण/आंतरिक/बाहरी सज्जा के लिए निविदा" लिखा होना चाहिए तथा "तकनीकी बोली" (अनुलग्नक–I) और "वित्तीय बोली" (अनुलग्नक–II) के अलग–अलग लिफ़ाफ़ों को सीलबंद करके भेजा जाए।

अनुबंध के नियम और शर्तें निम्नानुसार होंगी :

1. तकनीकी बोली के साथ निविदा शुल्क के रूप में 5000/– रुपये का डिमांड ड्राफ़्ट सचिव, साहित्य अकादेमी के पक्ष में जमा करना होगा।

2. तकनीकी बोली के साथ बयाना राशि के रूप में 1,00,000/– रुपये का डिमांड ड्राफ़्ट सचिव, साहित्य अकादेमी के पक्ष में जमा करना होगा।

3. निविदाकारों को कार्य/अनुबंध सौंपे जाने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय प्रस्ताव वापस लेने अथवा उसके नियमों और शर्तों में बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। यदि निविदाकर्ता दरें देने के पश्चात् संबंधित शर्तों को पूरा नहीं करता अथवा नहीं मानता या पीछे हटता है, तो साहित्य अकादेमी बयाना राशि ज़ब्त कर लेगी।

4. सफल निविदाकार को कार्य सौंपे जाने के तुरंत पश्चात् कार्य/अनुबंध के मूल्य के 5 प्रतिशत की समकक्ष कार्य प्रतिभूति राशि सचिव, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के पक्ष में डिमांड ड्राफ़्ट/आरटीजीएस द्वारा जमा करनी होगी। सुरक्षा राशि तकनीकी बोली के साथ बयाना राशि सफल निविदाकर्ता की कार्य प्रतिभूति राशि में समायोजित कर ली जाएगी।

5. इसके अलावा, ठेकेदार की ओर से निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार समय सारिणी के भीतर काम पूरा करने में विफल होने पर साहित्य अकादेमी को किसी अन्य ठेकेदार से काम करवाने का अधिकार प्राप्त होगा, ऐसी परिस्थितियों में, साहित्य अकादेमी द्वारा किए गए समस्त खर्च/नुकसान को पहले ठेकेदार को वहन करना होगा तथा ठेकेदार की ओर से लापरवाही/चूक भी ठेकेदार द्वारा ही वहन की जाएगी।

(पृष्ठ 2 जारी)

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फ़ैक्स : +91-11-23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi–110001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax: +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in



6. ठेकेदार को साहित्य अकादेमी की साइट को अंतिम रूप से सुपुर्द करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक के लिए निर्मित किए गए कार्य की बिना किसी अतिरिक्त लागत/भुगतान की गारंटी देनी होगी तथा वह किए गए कार्य के प्रति उत्तरदायी होगा। किए गए कार्य में किसी भी प्रकार की खराबी/त्रुटि होने पर ठेकेदार को, साहित्य अकादेमी पर बिना किसी अतिरिक्त खर्च का दबाव डाले उस खराबी को (बदल कर या मरम्मत करके) तुरंत ठीक करना होगा।

7. साहित्य अकादेमी के किताब घर के निर्माण की अवधि के दौरान ठेकेदार को अपने कार्य के सुचारू निष्पादन के लिए आवश्यक विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

8. अपूर्ण निविदाओं को अस्वीकार किया जा सकता है।

9. **सुपुर्दगी की अवधि तथा शर्तें :**
बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ औपचारिकताएँ पूरी होने के तुरंत बाद कार्य शुरू करने के लिए साइट को ठेकेदार को सौंप दिया जाएगा। संपूर्ण कार्य 15 दिनों के भीतर पूरा हो जाना चाहिए। यदि कार्य निष्पादन में देरी होती है तो साहित्य अकादेमी के सक्षम अधिकारी द्वारा ठेकेदार पर प्रतिदिन 25,000 रुपये के हिसाब से दंड लगाया जाएगा तथा दंड राशि के ठेकेदार को देय भुगतान राशि में से वसूल किया जाएगा।

10. **सामग्री का भंडारण/निकासी**
ठेकेदार को बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निर्देशों/निर्देशों का पालन करना होगा।

11. **भुगतान शर्तें**
कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। कार्य के सफल समापन पर बिल जमा करने पर इस उद्देश्य के लिए गठित समिति द्वारा विधिवत प्रमाणित/अनुशंसित करने के पश्चात् पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

12. **नियमों तथा शर्तों का उल्लंघन**
उपर्युक्त किन्हीं भी नियमों तथा शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में, साहित्य अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए दिए गए कार्यादेश को रद्द करने का अधिकार होगा तथा उस स्थिति में साहित्य अकादेमी द्वारा किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा तथा बयाना राशि एवं प्रदर्शन सुरक्षा जमा राशि को भी जब्त कर लिया जाएगा।

13. **कार्य को किसी और से किराए पर कराना**
यह निविदा अहस्तांतरणीय है। फ़र्म अनुबंधित कार्य अथवा उसके किसी भाग को किसी अन्य व्यक्ति अथवा पार्टी को नहीं दे सकती।

14. **कार्य की स्थिति के संबंध में सूचना प्राप्त करने का अधिकार**
साहित्य अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी को अनुबंध दिए जाने के पश्चात् किसी भी समय कार्य की स्थिति संबंधी सूचना प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(पृष्ठ 3 जारी)

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फ़ैक्स : +91-11-23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi–110001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax: +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in



15. **अभिगम्यता**

साहित्य अकादेमी का कोई भी प्राधिकृत प्रतिनिधि / प्रतिनिधियों अथवा साहित्य अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी द्वारा नामित प्रतिनिधि को यथोचित समय पर दिए गए कार्यों को कार्यशालाओं, फ़ैक्टारियों अथवा अन्य स्थानों जहाँ सामान तैयार हो रहा है तथा किसी अन्य स्थान पर जहाँ वस्तुएँ होंगी अथवा जहाँ से उन्हें प्राप्त किया जाना है, में भी स्वतंत्र अभिगमन की अनुमति होगी तथा ठेकेदार को साहित्य अकादेमी अथवा निरीक्षण–परीक्षण की जाने वाली वस्तुओं एवं कारीगरों के कार्यों की परख के लिए आए उसके प्रतिनिधियों को सभी सुविधाएँ प्रदान करनी होंगीस किसी भी अन्य व्यक्ति को साहित्य अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति के बिना उक्त स्थलों पर जाने की अनुमति नहीं होगी।

16. **अस्वीकरण**

साहित्य अकादेमी के कर्मचारी तथा उनके संबंधी इस निविदा में भाग नहीं ले सकते। इस उद्देश्य के लिए निकट संबंधियों की व्याख्या इस प्रकार है :

(i) एक हिंदू अविभक्त परिवार के सदस्य।
(ii) उनके जीवनसाथी।
(iii) एक दूसरे से इस प्रकार से जुड़े हुए जैसे – पिता,पुत्र(ओं) / पुत्रवधु(ओं), पुत्री(यों) / दामाद, भाई / भाईयों की पत्नी(याँ), बहनें / बहनों के पति।

17. **मध्यस्थता**

यदि इस अनुबंध संबंधी तथा भुगतान संबंधी विवेचना में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे आपसी विमर्श तथा समझौते द्वारा सुलझाया जाएगा। यदि समझौते के प्रयासों द्वारा 30 दिनों की अवधि के भीतर कोई परिणाम नहीं निकलता, तो दोनों पक्षों में से कोई एक विवाद के निर्णय हेतु एक सदस्यीय पंचायती अधिकरण, जिसकी नियुक्ति साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष करेंगे, के पास अपनी बात रख सकता है। इस प्रकार का अनुरोध उन तीन व्यक्तियों के नामों के पैनल के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है, जो व्यक्ति एकल न्यायकर्ता हो सकते हैं। यदि कोई न्यायकर्ता अपनी अनिच्छा व्यक्त करता है अथवा वह कार्रवाई करने में सक्षम न हो अथवा क़ानूनी रूप से उसका आदेश देने का अधिकार रद्द हुआ हो, तो उस स्थिति में वादी द्वारा जमा किए गए तीन व्यक्तिओं के नामों में से किसी अन्य न्यायकर्ता को नियुक्त किया जाएगास मध्यस्थता संबंधी कार्रवाई नई दिल्ली में होगी तथा वह अंग्रेज़ी में होगी। मध्यस्थता के प्रावधान तथा समझौता अधिनियम एवं उसके अंतर्गत निर्धारित नियम इस प्रकार की कार्रवाई पर मान्य होंगे।

18. **कानूनी अधिकार क्षेत्र**

चूँकि अनुबंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पूरा किया जाना है तथा इसके समस्त दायित्व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधीन आते हैं। अतः संबंधित मामले किसी अन्य न्यायालय में नहीं, मात्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित न्यायालयों के अधीन होंगे, न कि अन्य न्यायालयों के।

19. साहित्य अकादेमी पर बयाना राशि के संदर्भ में उसके मूल्य–क्षरण को लेकर अथवा किसी प्रकार का ब्याज दिए जाने का दावा नहीं किया जा सकता।

20. एक निविदाकर्ता द्वारा केवल एक निविदा जमा की जा सकती है।

(पृष्ठ 4 जारी)

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फ़ैक्स : +91-11-23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi–110001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax: +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in



21. इस संबंध में साहित्य अकादेमी के सचिव का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

22. साहित्य अकादेमी और ठेकेदार अनुबंध के तहत या उसके संबंध में उत्पन्न होने वाली किसी भी असहमति या विवाद को सीधे अनौपचारिक बातचीत द्वारा सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने का हर संभव प्रयास करेंगे। यद्यपि, कोई भी क़ानूनी विवाद केवल दिल्ली की अदालतों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

23. तकनीकी बोलियाँ 25 जुलाई 2022 को पूर्वाह्न 11.30 बजे साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली – 110001 में खोली जाएँगी। निविदाकर्ता, यदि चाहें तो, तकनीकी बोली खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। वित्तीय बोलियाँ 27 जुलाई 2022 को खोली जाएँगी।

24. **चयन का मानदंड :**

(i) तकनीकी बोली के लिए 80 अंकों तथा वित्तीय बोली के लिए 20 अंकों का वेटेज होगा।

(ii) तकनीकी बोली में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली एजेंसियों की ही वित्तीय बोलियाँ खोली जाएँगी।

(iii) तकनीकी बोली/वित्तीय बोली में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली एजेंसी को ठेका दिया जाएगा।

25. **मूल्यांकन का मानदंड :**

25.1 तकनीकी बोलियों और वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन पृथक–पृथक किया जाएगा।
– तकनीकी बोली के लिए 80: वरीयता
– वित्तीय बोली के लिए 20: वरीयता

25.2 तकनीकी मूल्यांकन के मानदंड निम्नानुसार हैं :

| क्र.सं. | मानदंड | | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के कार्यों को करने का अनुभव तथा कंपनी की संगठन शक्ति। | | 30 |
| 2. | कार्य–निष्पादन की संपूर्ण परिकल्पना तथा रूपायन की प्रस्तुति उसकी हार्ड कॉपी के साथ जमा करनी होगी। | | 50 |
| | परिकल्पना तथा रूपायन | 30 | |
| | स्थान का प्रभावी उपयोग | 10 | |
| | प्रदर्शनी तथा पुस्तक प्रस्तुतिकरण की अभिनव अवधारणा | 10 | |
| 3. | परियोजना को सँभालने वाले व्यक्ति का अनुभव एवं दक्षता। | | 20 |

25.3 जिन बोलीकर्ताओं ने न्यूनतम योग्यता अंक अर्जित कर लिए होंगे, उनकी रैंकिंग तकनीकी एवं सृजनात्मक बोली अंक (टीटीबीएम) के आधार पर की जाएगी तथा उन्हें "तकनीकी रूप से योग्य बोली" घोषित किया जाएगा। बोलीकर्ता के तकनीकी बोली अंक "टी.एस." को निम्नानुसार समझा जा सकता है :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टी.एस. = | (टीबीएम. × एचएम/टीटीबीएम) |
| 2 | टी.एस. | (तकनीकी बोली अंक) |
| 3 | एच.एम. | (समस्त मूल्यांकित बोलियों में से सर्वोच्च अंक) |
| 4 | टी.टी.बी.एम. | (कुल तकनीकी बोली अंक) |

(पृष्ठ 5 जारी)

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फ़ैक्स : +91-11-23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi–110001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax: +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in



25.4 वे ही वित्तीय बोलियाँ खोली जाएँगी जिनकी तकनीकी बोली सफल होगी। न्यूनतम वित्तीय बोली को 20 अंक दिए जाएँगे तथा उच्च बोलियों का मूल्यांकन आनुपातिक रूप से किया जाएगा।

25.5 तकनीकी और वित्तीय बोलियों का संयुक्त मूल्यांकन :

| | |
|---|---|
| 1 | सीईएस = (80% × टीएस) + (20% × पीएस) |
| 2 | टीएस (तकनीकी अंक स्कोर) |
| 3 | एफएस (वित्तीय अंक स्कोर) |

25.6 जिस बोलीकर्ता का सीईएस स्कोर अंक सर्वोच्च होगा, कार्य उसी को सौंपा जाएगा।

25.7 समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में, जिस बोली को सर्वोच्च तकनीकी अंक (टीएस) प्राप्त हुए होंगे, उसे सर्वोच्च बोली मन जाएगा स इन सबसे परे साहित्य अकादेमी सचिव का निर्णय मान्य होगा।

26. बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा समय–समय पर लागू होने वाले नियमों/विनियमों/नीति/अनुमोदन आदि के अनुसार कार्य पूर्ण किया जाएगा।

27. सफल ठेकेदार को बिल के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र तथा कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र लगाना होगा, जो भुगतान के लिए जमा किए जाने वाले बिल का हिस्सा होगा।

1/7/22

(डॉ. संजय कुमार)
उप सचिव (प्रशासन)

*साहित्य अकादेमी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।*

**अनुलग्नक – I**

सेवा में,
सचिव
साहित्य अकादेमी
नई दिल्ली – 110001

**विषय : तकनीकी बोली**

प्रिय महोदय,

ई–निविदा नोटिस की सूचना के संदर्भ में, मैं/हम मैजेस्टिक मेट्रो स्टेशन, बेंगलूरु पर साहित्य अकादेमी किताब घर के लिए 144 वर्ग फुट के खुले स्थान (12'×12') की परिकल्पना/डिज़ाइनिंग/संरचना/निर्माण/आंतरिक/बाहरी सज्जा हेतु अपनी तकनीकी बोली जमा करते हैं और निम्नलिखित दस्तावेज़ों को विधिवत हस्ताक्षरित और मुहर लगाकर संलग्न कर रहे हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा निर्धारित प्रारूप में जमा की गई है | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 2. | पैन की प्रमाणित प्रति | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 3. | जीएसटी पंजीकरण की प्रमाणित प्रति | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 4. | निविदा लागत मूल्य में छूट का दतावेज़ी साक्ष्य/ई.एम.डी. | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 5. | डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जमा की गई निविदा लागत | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 6. | डिमांड ड्राफ्ट द्वारा सुरक्षा राशि जमा करना | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 7. | फर्म के ब्लैक लिस्टेड ना होने का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 8. | कार्य समय–सीमा के भीतर करने का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 9. | अधिकृत डीलर/ब्रांड का प्रमाण–पत्र, यदि कोई हो तो | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 10. | दर वैधता अवधि का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 11. | नियम एवं शर्तें स्वीकार करने का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 12. | अधिकृत व्यक्ति का नाम और ई–मेल/मोबाइल नंबर | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 13. | विगत तीन वर्षों के दौरान निष्पादित किए गए कार्य (ऑर्डर) की सूची | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 14. | सॉफ़्ट कॉपी के साथ परिकल्पना/डिज़ाइनिंग की हार्ड कॉपी | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 15. | तकनीकी रूप से सक्षम कर्मियों का विवरण | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 16. | विगत तीन वर्षों में डिज़ाइनिंग के लिए जीते गए किसी भी पुरस्कार का विवरण | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 17. | निविदाकर्ताओं द्वारा जमा की गई निविदा, बोली खुलने की तिथि से 90 दिनों की अवधि तक के लिए वैध होगी | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 18. | कार्य आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर कार्य पूरा करने का प्रमाण–पत्र। | संलग्न | संलग्न नहीं |

तिथि ...........

बोलीकर्त्ता के हस्ताक्षर और मुहर

(कंपनी के लेटर हैड पर)

अनुलग्नक – ।।

सेवा में,
सचिव
साहित्य अकादेमी
नई दिल्ली – 110001

**विषय : वित्तीय बोली**

प्रिय महोदय,

ई–निविदा नोटिस की सूचना के संदर्भ में, मैं/हम मैजेस्टिक मेट्रो स्टेशन, बेंगलूरु पर साहित्य अकादेमी किताब घर के लिए 144 वर्ग फुट के खुले स्थान (12'×12') की परिकल्पना/डिज़ाइनिंग/संरचना/निर्माण/आंतरिक/बाहरी सज्जा हेतु अपनी वित्तीय बोली जमा करते हैं और निम्नलिखित दस्तावेज़ों को विधिवत हस्ताक्षरित और मुहर लगाकर संलग्न कर रहे हैं।

| क्र.सं. | मदें | |
|---|---|---|
| 1. | **दीवारें और फैशीअ**<br>समस्त पीछे/साइड की दीवारें और फैशीअ को वाटर/फ़ायर प्रूफ मोटी ब्रांडेड प्लाई बोर्ड से बनाया जाएगा, जिसमें एसएस पाइप के साथ फ़ाइबर छत की ऊँचाई लगभग 8 फुट होगी तथा इसके अलावा कैश काउंटर, मुख्य प्रवेश द्वार, फैशीअ, लोगो तथा डिजिटल ग्राफ़िक्स प्रिंट को सेल्फ–स्टैंड प्लाई बोर्ड पर तैयार करने के अलावा जहाँ आवश्यकता होगी, कैश काउंटर आदि तैयार करना होगा। | |
| 2. | **पुस्तक प्रदर्शित करने वाले रैक**<br>सभी वाटर/फ़ायर प्रूफ़ मोटे ब्रांडेड प्लाई बोर्ड वॉल टू वॉल डिस्प्ले लाइट फिटिंग के साथ पुस्तक प्रदर्शित करने वाले रैक बनाने होंगे। किताबघर के अंदर पैंट का प्रयोग नहीं किया जाना है। | |
| 3. | **फर्नीचर**<br>4 आगंतुक कुर्सी और 1 सेंटर टेबल | |
| 4. | **विद्युत और प्रकाश आवश्यकताएँ**<br>आर्म स्पॉट लाइट/आवश्यकता अनुसार, एसी पॉवर पाइंट, दो सेट थ्री पिन प्लग, दो दिवार वाले पंखे, एक एक्जास्ट फैन, एक्सटैंशन बोर्ड अथवा सहमति द्वारा तथा अन्य आवश्यकतानुसार विद्युत कार्य। | |
| 5. | **फूलदान / कूड़ेदान**<br>5 फूलदान तथा 2 कूड़ेदान | |
| 6. | घूमने वाले लकड़ी के रैक – संख्या 02 (सी.डी. एवं महत्त्वपूर्ण पुस्तकों के लिए) | |
| 7. | अग्निशामक – संख्या 02 | |
| 8. | कोई अन्य कार्य जिसकी आवश्यकता निविदा के बाद अथवा कार्यस्थल पर पड़ जाए। | |
| 9. | टैक्स/जीएसटी आदि अथवा कोई अन्य सरकारी प्रभार, यदि कोई हो | |
| 10. | कुल (समस्त करों, सेवाओं, जीएसटी आदि सहित) | |
| (रुपए | | |
| बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा समय–समय पर लागू होने वाले नियमों/विनियमों/नीति/अनुमोदन आदि के अनुसार कार्य पूर्ण किया जाएगा। बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को अनापत्ति प्रमाण–पत्र तथा कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र जारी करने का अधिकार होगा, जो भुगतान के लिए जमा किए जाने वाले बिल का हिस्सा होगा। | | |

हस्ताक्षर